दिन– सोमवार दिनांक– 03 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति आज अपनी रिपोर्ट लोकसभा में पेश करेगी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान बांका जिले में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की स्थापना किये जाने की घोषणा की।

03. वसंत पंचमी का त्योहार आज धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ में अमृत स्नान जारी।

04. और, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान में बढोतरी। मौसम विभाग ने कहा– पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आठ फरवरी के बाद तापमान में गिरावट की संभावना।

———————————————————

लोकसभा में आज वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति – जेपीसी की रिपोर्ट पेश की जाएगी। एक रिपोर्ट.....

———रिपोर्ट———

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि बांका जिले के अमरपुर में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोला जाएगा। प्रगति यात्रा के क्रम में बांका पहुंचे मुख्यमंत्री ने जिले के कटोरिया में डिग्री कॉलेज खोलने की भी घोषणा की। यात्रा के दौरान उन्होंने अमरपुर प्रखंड के राजपुर में मेडिकल कॉलेज के लिए उपलब्ध छब्बीस एकड़ जमीन का निरीक्षण किया और आस–पास की सड़कों के चौड़ीकरण का निर्देश भी दिया। इस दौरान उन्होंने जिले में तीन सौ बासठ करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा के अगले चरण में पांच फरवरी को मुंगेर, छह फरवरी लखीसराय और शेखपुरा तथा सात फरवरी को जमुई जिले की यात्रा करेंगे।

———————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के क्रियान्वयन में बिहार ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। श्री पांडेय ने पटना में आयोजित आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन बिहार कॉन्क्लेव को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य में चार करोड़ तीस लाख आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि बिहार आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनाने वाले शीर्ष राज्यों में शामिल हो गया है।

———बाइट————

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि आयुष्मान भारत लागू होने के बाद से अब तक लोगों के इलाज पर इस कार्यक्रम के तहत बाईस सौ करोड़ रुपये खर्च हुए है।

————————————————————————————

वसंत पंचमी का त्योहार आज प्रदेशभर में धार्मिक श्रद्धा, आस्था और पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———म्यूजिक——

माघ शुक्ल पंचमी का यह दिन ज्ञान, विवेक, कला और संगीत की देवी सरस्वती की उपासना का दिन है। इस अवसर पर बच्चों का विद्यारंभ कराने की परंपरा है। वसंत पंचमी से ऋतुराज वसंत के आगमन की आहट मिलने लगती है और प्रकृति एक नया रूप धारण करती है। सरस्वती पूजा के अवसर पर विद्यालय, महाविद्यालय और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा—अर्चना की जा रही है। मां सरस्वती की प्रतिमा के साथ विभिन्न पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। हर तरफ माहौल भक्तिमय है। इस त्योहार को लेकर स्कूली बच्चों में खास उत्साह देखा जा रहा है।

———म्यूजिक——

वसंत पंचमी के मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। पटना के एसएसपी अवकाश कुमार ने कहा कि पूजा को लेकर स्थानीय थानों को सतर्क कर दिया गया है और प्रमुख जगहों पर पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। उन्होंने कहा कि राजधानी पटना में स्थानीय पुलिस के अलावा रैफ की एक और बिहार सशस्त्र पुलिस की पांच कंपनियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। श्री कुमार ने कहा कि विसर्जन के दौरान जुलूस निकालने और डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा।

————————————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से..

———म्यूजिक———

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में वसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान जारी है। ये स्नान महाकुंभ मेले का सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र अनुष्ठान है। इससे पहले दो अमृत स्नान चौदह जनवरी मकर संक्रांति और उनतीस जनवरी मौनी अमावस्या को हुए थे। अमृत स्नान को लेकर प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों सहित पचास हजार से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक मजबूत सुरक्षा योजना लागू की है और महाकुंभ के मेला क्षेत्र को नो व्हीकल और नो वीआईपी जोन घोषित किया गया है। सरकार ने मेला क्षेत्र में ग्यारह संवेदनशील स्थान तय किये हैं। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम के रूप में पहचाने जाने वाले महाकुंभ मेले की शुरुआत तेरह जनवरी को हुई और अब तक पैंतीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

———म्यूजिक———

———————————————————————

वसंत के आगमन के साथ ही प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, अधिकतम तापमान भी पच्चीस से तीस डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि आठ फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में मौसम में बदलाव की संभावना है।

———बाइट———

———————————————————————

केंद्रीय बजट में मखाना बोर्ड के गठन की पहल का बिहार के मखाना उत्पादक किसानों ने स्वागत किया है। राज्य में दस से अधिक जिले मखाना उत्पादक श्रेणी में आते हैं। मिथिलांचल का क्षेत्र इसमें अग्रणी है। सुपर फूड की श्रेणी में शामिल मखाना का देश में मुख्य उत्पादक बिहार है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में किसानों ने कहा है कि मखाना बोर्ड के गठन से इसकी कीमतों के नियंत्रण और उत्पादन बढाने में मदद मिलेगी।

———बाइट———

कृषि वैज्ञानिकों ने भी कहा है कि मखाना बोर्ड के गठन से किसानों को तकनीकी मदद मिलेगी। इसके निर्यात और प्रसंस्करण में अच्छी तकनीक आयेगी। वरिष्ठ वैज्ञानिक श्याम नारायण झा ने कहा कि इस पहल से मखाना का मूल्य संवर्धन होगा।

———बाइट———

———————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि महिलाओं की शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। पटना विमेन्स कॉलेज के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षित कर के ही हम शांतिपूर्ण, संहिष्णुतापूर्ण, न्यायपूर्ण और बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं।

———————————————————————————

वाणिज्य कर विभाग की टीम ने पटना समेत चार जिलों में दस अलग–अलग व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान साढ़े छह करोड़ रूपये की बिक्री छुपाने के सबूत मिले हैं। साथ ही ढाई करोड़ का अवैध सामान भी जब्त किया गया है। यह कार्रवाई वाणिज्य कर विभाग के सचिव सह आयुक्त संजय कुमार सिंह के निर्देश पर अलग–अलग टीमों द्वारा की गयी। इन टीमों ने पटना में पांच, गया में तीन और दरभंगा तथा जहानाबाद में एक–एक व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। ये प्रतिष्ठान पान मसाला, हार्डवेयर, ड्राई फ्रूट्स, आयरन और स्टील की बिक्री से जुड़े हैं।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति अप्रैल महीने में विशेष परीक्षा का आयोजन करेगी। मैट्रिक और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा में शामिल होने से वंचित विद्यार्थियों को विशेष परीक्षा में शामिल होने का मौका दिया जायेगा। बिहार बोर्ड ने कहा है कि इंटरमीडिएट और मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के एक सप्ताह बाद ही कंपार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बोर्ड ने कहा कि इंटरमीडिएट और मैट्रिक की परीक्षा के दौरान सेंटर पर विलंब से पहुंचने के कारण परीक्षा से वंचित रह गए विद्यार्थियों को भी विशेष परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा।

———————————————————————————

बिहार पुलिस में सिपाही की बहाली को लेकर चल रही दूसरे चरण की शारीरिक दक्षता परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन के दौरान पिछले सप्ताह नौ फर्जी अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार इन अभ्यर्थियों के खिलाफ गर्दनीबाग थाने में मामला दर्ज कराया गया है। गौरतलब है कि पटना के गर्दनीबाग स्थित पटना हाई स्कूल में अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा और प्रमाण पत्र सत्यापन का काम हो रहा है।

———————————————————————

देहरादून में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। लॉन बॉल महिला–फोर स्पर्धा में बिहार की टीम ने मेजबान उत्तराखंड को ग्यारह–नौ से पराजित कर अगले दौर में जगह बना ली है। वहीं, अंडर–ट्वेंटीफाइव पुरूष वर्ग में जमील अहमद ने पश्चिम बंगाल के खिलाड़ी को इक्कीस–सोलह से पराजित कर दिया।

इधर, तीरंदाजी के इंडियन राउंड के रैंकिंग मुकाबले में बिहार के चार खिलाड़ियों – जयप्रकाश, निर्भय कुमार सिंह, सपना और सोनी कुमारी ने फाईनल मुकाबलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन के हवाले से लिखा है – पुरानी कर व्यवस्था जारी रहेगी।

**दैनिक जागरण** ने भी बजट के प्रभाव से जुड़ी खबर को तरजीह देते हुए लिखा है – मध्य वर्ग की जेब में आयेंगे एक लाख करोड़, पैदा होगी तीन लाख तीन हजार करोड़ की मांग।

**दैनिक भास्कर** मौसम की खबर पर लिखता है – पटना समेत छत्तीस जिलों का न्यूनतम पारा दस डिग्री के पार हुआ।

**प्रभात खबर** का शीर्षक है – प्रगति यात्रा के दौरान सीएम राजधानी पटना को देंगे तीन सौगात।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है – बांका के कटोरिया में होगा औद्योगिक क्षेत्र का विकास।

**आज अखबार** की सुर्खी है – महाकुंभ का तीसरा अमृत स्नान आज।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति आज अपनी रिपोर्ट लोकसभा में पेश करेगी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान बांका जिले में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की स्थापना किये जाने की घोषणा की।

03. वसंत पंचमी का त्योहार आज धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रयागराज महाकुंभ में अमृत स्नान जारी।

04. और, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तापमान में बढोतरी। मौसम विभाग ने कहा– पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आठ फरवरी के बाद तापमान में गिरावट की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।